POSHAN Abhiyaan

# कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर (छत्तीसगढ)
## (महिला एवं बाल विकास शाखा )

Phone Number/Fax No.07853-220346 E-mail bijapurdwcdo@gmail.com

क्र0/२७५/मबावि/सखी/ 2022–23 बीजापुर, दिनॉक 01/02/2023

**"वॉक इन इन्टरव्यू हेतु विज्ञापन"**

**"सखी" वन स्टॉप सेंटर में व्यक्तिगत सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु ।**

कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा) बीजापुर अंतर्गत संचालित सखी 'वन स्टॉप सेंटर' में स्वीकृत सेवा प्रदाता के रिक्त पद **परामर्शदाता, केस वर्कर एवं बहुउद्देशीय सहायक** हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक महिला अभ्यर्थी निर्धारित **दिनांक** 16/02/2023 को **प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे** तक जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर में पंजीयन कराते हुए आवेदन प्रस्तुत कर **अपरान्ह 03:00 बजे** से साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकेंगें। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

**रिक्त पदों विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता :–**

| क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | मानदेय | शैक्षणिक योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता | 01 (महिला हेतु) | 20000/ प्रतिमाह एकमुश्त | 1. एम.एस.डब्ल्यू की डिग्री /क्लिनीकल साईकोलॉजी में डिग्री।<br>2. जिला/राज्य स्तर पर एक प्रतिष्ठित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान/क्लिनिक में मनोचिकित्सक अथवा काउंसलर के रूप में कार्य करने का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।<br>3. कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। | अधिकतम 45 वर्ष |
| 2 | केस वर्कर | 01 (महिला हेतु) | 15000/ प्रतिमाह एकमुश्त | 1. विधि में डिग्री अथवा एम.एस.डब्ल्यू की डिग्री ।<br>2. कम से कम 3 वर्ष का शासकीय या गैर शासकीय संस्था में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुददों पर कार्य अनुभव।<br>3. मानव संसाधन और केन्द्र के प्रभावी संचालन हेतु जिले के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दी जावेगी।<br>4. कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। | अधिकतम 45 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | बहुउद्देशीय सहायक | 01 (महिला हेतु) | 8000 / प्रतिमाह एकमुश्त | आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण महिला, जिसके पास भृत्य / सहायक के रूप में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। अधिकतम शैक्षणिक योग्यता को प्राथमिकता दी जावेगी। | अधिकतम 35 वर्ष |

**चयन की प्रकिया :–**

1. **परामर्शदाता हेतु** :– निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए 60 अंक। पद हेतु वांछित अनुभव से अधिक होने पर प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 20 अंक। मान्यता प्राप्त संस्था से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रमाण पत्र हेतु 10 अंक साक्षात्कार 10 अंको होगा जिसमे सम्प्रेषण ज्ञान, विधि संबधी ज्ञान एवं निर्णय क्षमता ज्ञान पर आधारित होगें।

2. **केस वर्कर हेतु** :– निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए 60 अंक। पद हेतु वांछित अनुभव से अधिक होने पर प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 25 अंक। मान्यता प्राप्त संस्था से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रमाण पत्र हेतु 05 अंक एवं साक्षात्कार 10 अंको होगा जिसमे सम्प्रेषण ज्ञान, विधि संबधी ज्ञान एवं निर्णय क्षमता ज्ञान पर आधारित होगें।

3. **बहु उद्देशीय सहायक** :– निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत का 100 अंक का Weightage देते हुए 80 अंक पद हेतु वांछित अनुभव से अधिक होने पर प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 20 अंक।

**उपरोक्त पदों हेतु सेवा प्रदाता के लिए नियम व शर्तें :–**

1. चयनित सेवा प्रदाता तथा जिला कलेक्टर / जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बीजापुर के मध्य 2 वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादित किया जायेगा। अनुबंध में कार्य संतोषजनक पाये जाने, योजना संचालन की निरंतरता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं उपयुक्तता का आंकलन कर यह अनुबंध 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

2. सेवा प्रदाता को एकमुश्त सेवा शुल्क देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन / भत्ते की पात्रता नहीं होगी। यात्रा पर भेजे जाने की दशा में नियमानुसार वास्तविक व्यय अथवा अनुबंध की शर्तों के अनुसार एक मुश्त राशि दी जायेगी।

3. अनुबंध की अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का शुक्ल जमा कर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

4. आयु की गणना 01.01.2023 की स्थिति में की जायेगी।

5. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य की जायेगी। अभ्यर्थी को अनुभव प्रमाण पत्र शासन/गैरशासकीय(पंजीकृत संस्था के पंजीयन क्रमांक सहित) नियोक्ता द्वारा जारी स्वप्रमाणित/सत्यापित प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

6. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

7. वॉक इन इन्टरव्यू में भाग लेने वाले सेवा प्रदाता को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

8. चयन के संबंध में संबधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

9. विज्ञापन संबधित विस्तृत जानकारी जिले के **वेब साईट bijapur.gov.in** पर उपलब्ध है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर

**पृ.क्र. / 8184 / मबावि / सावि / 2022–23** — **बीजापुर दिनांक 01 / 02 / 2023**

**प्रतिलिपि –**

8. सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
9. आयुक्त, बस्तर संभाग की ओर सादर सूचनार्थ
10. संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ
11. कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
12. सहायक संचालक, जनसंपर्क विभाग की ओर स्थानीय/प्रदेश स्तरीय सामाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु।
13. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. बीजापुर को शासकीय वेब साइड bijapur.gov.in में अपलोड करने हेतु।
14. कार्यालय कलेक्टर एवं विभागीय सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर (छ.ग.)

1. आवेदित सेवा नाम :-............................................................
2. आवेदिका का नाम :-............................................................
3. पिता/पति का नाम :-............................................................
4. जन्मतिथि (अंको में) :-............................................................
5. लिंग (पुरूष/महिला) :-............................................................
6. जाति/वर्ग :-............................................................
7. पता (पत्र व्यवहार हेतु) :-............................................................
............................................................
............................................................
8. स्थानीय पता :-............................................................
............................................................
............................................................
9. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था में सेवारत है?(तो अनापत्ति प्रमाण प्रत्र संलग्न करें।......................
10. शैक्षणिक योग्यता :- (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. अनुभव प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | कुल अनुभव वर्ष | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. अनिवार्य संलग्नकों की सूची – (आवेदन के साथ कमबद्ध संलग्न करें)

1. जन्मतिथि हेतु 10 वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12 वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र
6. व्यवसायिक पाठ्यकम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
7. निवास प्रमाण पत्र
8. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र
7. अन्य संलग्नकों का विवरण

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम**

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

---

**पावती**

कुमारी/श्रीमती..........................................पिता/पति का नाम..................................आवेदित पद का नाम..............................पंजीयन कमांक............................के द्वारा आवेदन पत्र जमा किया गया ।

प्रभारी अधिकारी